देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 223 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
जोखिम भरा कर्ज



देहरादून, बुधवार, 13 दिसंबर 2023

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 20.0° न्यूनतम 9.0°

69757.05

2 370 पर चीन ने तोड़ी चुप्पी

7 2024 में कमबैक करेंगे ऋषभ पंत!

# भजनलाल को राजस्थान की कमान

## आदिवासी, यादव के बाद अब राजस्थान में ब्राह्मण नेता को कमान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जयपुर। राजस्थान के नए सीएम का एलान हो चुका है। राज्य की कमान भजनलाल शर्मा को सौंपी गई है। जयपुर बीजेपी दफ्तर में विधायक दल की बैठक के बाद यह फैसला लिया गया है। वहीं, राजस्थान में एक बार फिर सीएम पद को लेकर बीजेपी ने लोगों को चौंका दिया है। अपने नाम की सीएम के रूप में घोषणा होने पर एक बार तो खुद शर्मा भी चौंक गए थे। भाजपा के सामान्य कार्यकर्ता से मुख्यमंत्री तक कुर्सी पर पहुंचने वाले शर्मा पहली बार विधायक निर्वाचित हुए हैं। जयपुर की सांगानेर सीट से विधायक बने 54 वर्षीय शर्मा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के निकट माने जाते हैं।

वहीं, डिप्टी सीएम पद के लिए दिया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को चुना गया है। जबकि वासुदेव देवनानी विधानसभा के स्पीकर होंगे। बता दें, राजस्थान में सीएम के चेहरे को लेकर आखिरी वक्त तक सस्पेंस बरकरार था। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने नए मुख्यमंत्री के नाम का प्रस्ताव रखा जिसे विधायक दल ने स्वीकार कर लिया।

विधायक दल का नेता चुनने के लिए मंगलवार को जयपुर स्थित भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में हुई बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने शर्मा के नाम का प्रस्ताव किया तो खुद शर्मा चौंक गए। बैठक में मौजूद विधायकों ने बताया कि शर्मा का चेहरा देखकर ऐसा लग रहा था, जैसे उन्हें खुद विश्वास नहीं हो रहा हो। बैठक में वे अन्य विधायकों के साथ चौथी पंक्ति में बैठे थे। आगे की दो पंक्तियों में वरिष्ठ नेता व विधायक बैठे थे। हालांकि कुछ देर में प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी ने उन्हे मंच पर बुलाया। पार्टी के पांच वरिष्ठ विधायकों ने उनके नाम का समर्थन किया।

दिल्ली से जयपुर पहुंचे राजनाथ ने यहां ललित होटल में वसुंधरा से अकेले में बातचीत की। सूत्रों के अनुसार राजनाथ ने वसुंधरा को पार्टी नेतृत्व के फैसले के बारे में बताया और उन्हे विधायक दल की बैठक में शर्मा के नाम का प्रस्ताव करने के लिए तैयार किया। राजनाथ ने वसुंधरा को भरोसा दिया कि उनकी अगली भूमिका के बारे में अगले कुछ दिनों में निर्णय होगा। इस मौके पर पर्यवेक्षक के रूप में केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, वरिष्ठ नेता विनोद तावड़े और राज्यसभा सांसद मौजूद थी।



### सभी के साथ मिलकर करेंगे प्रदेश का विकास

भजनलाल शर्मा ने कहा कि सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, वसुंधरा राजे, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, डिप्टी सीएम होने वाली दीया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा और स्पीकर वासुदेव देवनानी का सभी का धन्यवाद देना चाहता हूं। हमारी पूरी टीम पीएम मोदी के नेतृत्व में राजस्थान का विकास करेंगे। भजनलाल शर्मा ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की और सरकार बनाने का दावा पेश किया। अब 15 दिसंबर को शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है।

### राजस्थान में 33 साल बाद ब्राह्मण सीएम

राजस्थान की ही बात करें तो यहां 1990 में हरदेव जोशी के सत्ता से बाहर होने के बाद पहली बार कोई ब्राह्मण सीएम बना है। तब से अब तक करीब 34 सालों का वक्त गुजर चुका है। इसके अलावा यूपी, मध्य प्रदेश, हरियाणा और बिहार में भी दशकों से कोई ब्राह्मण नेता सीएम नहीं रहा है। इन आंकड़ों का जिक्र करते हुए अकसर ब्राह्मणों की उपेक्षा के आरोप भी लगते रहे हैं। अब भाजपा ने उस शिकायत को दूर करने की कोशिश की है और इसका सीधा असर कई राज्यों में देखने को मिलेगा। इस तरह भाजपा ने 2024 के चुनाव से पहले पिछड़ा, आदिवासी और सवर्ण सभी समाज के लोगों को साथ लेकर चलने का संदेश दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने भजन लाल शर्मा को दी शुभकामना

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भजन लाल शर्मा को राजस्थान भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर उन्हें हार्दिक बधाई व शुभकामना दी है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में मनोनीत मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राजस्थान नई गति के साथ तेजी से विकास पथ पर अग्रसर होगा।

### सीबीएसई ने जारी की 10वीं–12वीं की डेटशीट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। सीबीएसई ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा 15 फरवरी से होगी। बता दें, कक्षा 10वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से 13 मार्च तक और कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से 2 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। वहीं परीक्षा के शेड्यूल के अनुसार कक्षा 10वीं–12वीं के पेपर सुबह 10:30 से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

# योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाना सरकार का लक्ष्य

## विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान को मिशन मोड में लें अधिकारी: सीएम

**संवाददाता**

देहरादून। विकसित भारत संकल्प यात्रा का राज्य में सफल संचालन के लिए मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि सरकार की योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने के लिए इस अभियान को मिशन मोड में लें। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से जुड़े सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए जनपद स्तर पर एक–एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए और उनसे प्रतिदिन की रिपोर्ट भी ली जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप विकसित भारत संकल्प यात्रा उन लोगों तक पहुंचने का बड़ा माध्यम बन गई है जो अब तक सरकारी योजनाओं से नहीं जुड़ पाये थे। सीएम ने कहा कि जन कल्याण से जुड़ी योजनाओं की आम जनता तक पहुंच बनाने के लिए हमें स्कूली बच्चों से लेकर बजुर्गों तक सभी को सहयोगी बनाना होगा। उन्होंने कहा कि हमारा ध्येय है कि लोगों को उनके घरों पर ही सभी आवश्यक सुविधाएं मिले। जन सुविधाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा ऑनलाइन सिस्टम को प्रभावी बनाया गया है। आम जनता को जन कल्याणकारी योजनाओं की पूरी जानकारी होने पर वे सभी सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे। सीएम ने कहा कि सभी जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि ग्राम पंचायतों में प्रचार वाहन भेजने से पूर्व इसकी सूचना स्थानीय लोगों तक पहुंचे। केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का भी मौके पर लोगों को लाभ मिले, इसके लिए शिविरों का आयोजन भी किया जाए।

### योजनाओं का किया जाए प्रचार–प्रसार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सीमान्त क्षेत्रों में भी इस आयोजन को और प्रभावी बनाया जाए। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से भी योजनाओं का प्रचार–प्रसार किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्कूल और कॉलेजों के विद्यार्थियों को भी शामिल किया जाए। आजादी के अमृत महोत्सव में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है।

# एआई के साथ हमें बहुत सावधानी से चलना होगा

**संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली में आयोजित ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता(एआई) में भारत के तकनीकी परिदृश्य में क्रांति लाने की क्षमता है। एआई वर्तमान और भविष्य दोनों पीढ़ियों पर प्रभाव डाल रहा है। हमें ज्यादा सावधानी के साथ आगे बढ़ना चाहिए। संबोधन में उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम से कई सुझाव और विचार निकलेंगे,

शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिए सामाजिक परिवर्तन लाने की कोशिश कर रहे हैं। हाल ही में हमने एआई से जुड़ा एक लॉन्च किया है। कृषि में एआई चेक पोर्टल, जो किसानों को उनके आवेदन की स्थिति की जांच करने, भुगतान विवरण तक पहुंचने और सरकारी योजनाओं के बारे आसानी से सूचित रहने की सुविधा प्रदान करता है।

### सम्मेलन

■एआई पर वैश्विक साझेदारी सम्मेलन में पीएम मोदी का मंत्र

### नैतिक उपयोग के लिए भारत प्रतिबद्ध

पीएम ने कहा कि भारत में हमें एआई में नवाचार की भावनाएं दिख रही हैं। एआई प्रतिभा और इससे जुड़े नए विचारों में हमारा देश प्रमुख खिलाड़ी है। भारत के युवा तकनीकी विशेषज्ञ और शोधकर्ता के अवसर तलाश रहे हैं। हमारा विकास का एक ही मंत्र है–सबका साथ, सबका विकास। हमने एआई फॉर आल के केंद्र में रखकर सरकारी नीतियां और कार्यक्रम तैयार किए हैं। हमारी कोशिश है कि एआई का भरपूर उपयोग करते हुए समाजिक विकास और समावेशी विकास पर काम करना है। एआई के नैतिक उपयोग के लिए भी भारत पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# नेहरू ने देश को दी अपनी पूरी जिंदगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने देश के पूर्व पीएम जवाहर लाल नेहरू की तारीफ की। उन्होंने अमित शाह के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि वह इतिहास से अनजान हैं। पंडित नेहरू ने भारत के लिए अपनी पूरी जिंदगी दी है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी

### राहुल गांधी का अमित शाह के बयान पर पलटवार

ने कहा, श्पंडित जवाहर लाल नेहरू ने भारत के लिए अपनी जिंदगी दे दी, सालों जेल में रहें। गृह मंत्री अमित शाह को शायद इतिहास नहीं मालूम। ये बात केवल भ्रमित करने के लिए की गई है। मैं उनसे इतिहास जानने की उम्मीद नहीं कर सकता, उन्हें इसे दोबारा लिखने की आदत है। इसके साथ ही राहुल गांधी ने जातीय जनगणना पर भी बात की। उन्होंने कहा कि मूल मुद्दा जातीय जनगणना, भागीदारी और देश का धन किसके हाथों में जा रहा है, ये है। इस मुद्दे पर वह चर्चा नहीं करना चाहते हैं। राहुल ने कहा कि वे इससे डरते हैं और दूर भागते हैं। हम इस मुद्दे को आगे लेकर जाएंगे और गरीब लोगों को उनका हक दिलाएंगे।

## न्यूज डायरी



### राष्ट्रपति उम्मीदवार रामास्वामी को सिर में गोली मारने की मिली धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कॉनकॉर्ड। अमेरिका में अगले साल होने वाले चुनाव में भारतीय मूल के राष्ट्रपति उम्मीदवार विवेक रामास्वामी को जान से मारने की धमकी मिली। एफबीआई एजेंट के अनुसार अभियान कर्मचारियों को आरोपियों की तरफ से दो धमकी भरे मैसेज मिले थे। एक में ने उम्मीदवार विवेक रामास्वामी को सिर में गोली मारने की धमकी दी गई थी तो दूसरे मैसेज में कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों को भी मौत के घाट उतारने की धमकी दी गई थी। रिपोर्ट के अनुसार संघीय अभियोजकों ने कहा कि न्यू हैम्पशायर के एक व्यक्ति पर सोमवार राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को जान से मारने की धमकी देने वाले मैसेज भेजने का आरोप लगाया गया है। वहीं, अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय ने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का नाम नहीं बताया। हालांकि, रिपब्लिकन उम्मीदवार विवेक रामास्वामी के प्रवक्ता ने सोमवार को कहा कि वह धमकी भरा मैसेज हमारे चुनावी कार्यक्रम के अंतर्गत ही था। रामास्वामी ने पोर्ट्समाउथ में राउंडअबाउट डायनर और लाउंज में अपना कार्यक्रम आयोजित किया। उप संचार निदेशक स्टीफन मायचाज्लिव ने अपने एक बयान में कहा, हम इस मामले को संभालने में सभी लॉ एनफोर्समेंट में उनकी तेजी और व्यावसायिकता के लिए कानून प्रवर्तन के आभारी हैं और सभी अमेरिकियों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करते हैं। हिरासत की सुनवाई गुरुवार के लिए निर्धारित थी।

### इजरायली सेना की लेडी चीता सैनिक, हमास के आतंकियों का काल बनी यह यूनिट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गाजा। सात अक्टूबर को हमास के खतरनाक आतंकी हमले के बाद इजरायल ने संगठन के एक-एक आतंकी का सफाया करने की कसम खाई है। अब इजरायल ने अपनी प्रोफेशनल फीमेल सोल्जर्स की एक पूरी बटालियन को इस खास मिशन में लगा दिया है। इजरायल ने गाजा में एक स्पेशल ऑपरेशन को पूरा करने की जिम्मेदारी अपनी सबसे खतरनाक, सबसे मजबूत और सबसे पेशेवर महिला लड़ाकों की एक बटालियन पर डाल दी है। इजरायल के हमास आतंकियों की तलाश अब आईडीएफ की बरदालास बटालियन कर रही है जिसे चीता बटालियन के तौर पर भी जानते हैं। इजरायल ने साल 2015 में बरदालास (चीता) बटालियन की शुरुआत की थी। इस बटालियन को सबसे पहले जॉर्डन से लगी सीमा पर तैनात किया गया था। यह इजरायल की तीसरी मिक्सिड सैनिकों वाली बटालियन है। बटालियन में आधे पुरुष और आधी महिलाएं शामिल हैं। उन्होंने इजरायली मीडिया को बताया कि उन्हें चीता बटालियन नामक मिश्रित बटालियन के कमांडर से एक पूरी तरह से महिला टीम बनाने के निर्देश मिले थे। गाजा में तैनात खास महिला टीम की कमांडर 29 साल की मेजर शिरा ने गाजा पट्टी में उनके कार्यों को एक और पुरानी परंपरा के टूटने के तौर पर करार दिया है।

### मोसाद ने छेड़ा महाभियान, पूरी दुनिया में इजरायली जनता के लिए बने ढाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। इजरायल पर हमास के हमले के बाद दुनियाभर में मोसाद की जमकर किरकिरी हुई थी। दुनियाभर में अपने दुश्मनों के खिलाफ इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद के कारनामों से उसके दुश्मन भी खौफ खाते थे लेकिन हमास के हमले ने उसे हिलाकर रख दिया। अब मोसाद ने हमास और उसके आका ईरान के खिलाफ पलटवार के लिए अपने खतरनाक जासूसों को पूरी दुनिया में तैनात कर दिया है। यही नहीं मोसाद के जासूस यूरोप से लेकर लैटिन अमेरिका तक में ईरानी प्रॉक्सी गुटों के यहूदियों पर जानलेवा हमले की साजिश को पूरी सफलता के साथ नाकाम कर रहे हैं। ताजा मामला यूरोपीय देश साइप्रस का है जहां पर मोसाद ने इजरायली लोगों को मारने की साजिश को विफल कर दिया। पिछले सप्ताह ही इजरायल की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने दुनिया के 80 देशों की यात्रा करने को लेकर इजरायल के लोगों को सख्त चेतावनी जारी की थी। इसमें यूरोपीय देश भी शामिल हैं जो अब तक इजरायली लोगों के लिए सुरक्षित माने जाते थे। यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक मोसाद के एजेंट अब पूरी दुनिया में सक्रिय हैं और इजरायली जनता तथा यहूदियों की रक्षा कर रहे हैं।

# पाकिस्तान में आर्मी बेस पर टीजेपी का आत्मघाती हमला

## 24 सैनिकों के मारे जाने की खबरें, भारी तबाही

हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



पेशावर। उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में मंगलवार को एक बड़ा आतंकी हमला हुआ है। बताया जा रहा है कि यह एक आत्मघाती हमला था। आतंकियों ने डेरा इस्माइल खान जिले के दाराबा इलाके में विस्फोटक से भरी कार को एक इमारत से टकरा दिया। इस हमले में दो दर्जन सैनिकों की मौत हो गई है। जबकि 34 सैनिक घायल रहे हैं। डेरा इस्माइल खान का दरबान वह जिला है जहां पर आतंकी गतिविधियों में इजाफा होता जा रहा है। यह जिला खैबर पख्तूनख्वां के करीब है और यह जगह तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) का गढ़ है। इस वजह से दरबान भी आतंकी घटनाओं का खामियाजा भुगत रहा है।

सूत्रों के मुताबिक आतंकियों ने एक पुलिस स्टेशन और आर्मी बेस को निशाना बनाया है। इस हमले में 24 सैनिकों के मारे जाने की खबरें हैं। जियो न्यूज के मुताबिक सुरक्षा बलों ने गोलीबारी के दौरान चार आतंकवादियों को भी मार गिराया। इससे पहले खबर आई थी कि हमले में तीन पुलिस अधिकारी मारे गए हैं। एएफपी ने एक अधिकारी के हवाले से बताया कि कई लोगों की मौत तब हुई जब वो सो रहे थे और आम कपड़ों में थे। इसलिए इस बात को भी सुनिश्चित नहीं किया जा पा रहा है कि जो मारे गए थे क्या वह सभी सैन्यकर्मी थे। इस हमले की जिम्मेदारी तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) ने ली है। इस संगठन ने पाकिस्तान में कुछ बड़े हमलों का दावा किया है। ग्रुप के प्रवक्ता मुल्ला कासिम ने इसे आत्मघाती मिशन हमला करार देते हुए कहा कि इसे मावलवी हसन गंडापुर ने अंजाम दिया था। इस संगठन के बारे में ज्यादा कोई नहीं जानता है। लेकिन कुछ लोग इसे टीटीपी का ही हिस्सा कहते हैं। पिछले साल पाकिस्तान में खासतौर पर खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि हुई है। हमलों में इस प्रांत में कम से कम 470 सुरक्षाकर्मी और नागरिकों की मौत हुई है। जियो न्यूज की मानें तो अकेले एक साल में इस प्रांत में 1050 आतंकी घटनाएं हुई हैं।

प्रांत के गृह विभाग और जनजातीय मामलों के रिकॉर्ड के अनुसार पिछले तीन सालों के दौरान 1823 आतंकी घटनाओं में 698 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो चुकी है। पिछले साल पाकिस्तान-अफगान सीमा पर सात क्षेत्र आतंकवाद के हॉटस्पॉट के तौर पर करार दिए गए हैं। इन क्षेत्रों में पेशावर, खैबर, उत्तरी वजीरिस्तान, दक्षिणी वजीरिस्तान, डेरा इस्माइल खान, बाजौर और टैंक शामिल हैं। 1050 आतंकी-संबंधी घटनाओं में से, बंदोबस्ती में 419, फाटा में 631, उत्तरी वजीरिस्तान में 201, खैबर में 169, दक्षिणी वजीरिस्तान में 121, डेरा इस्माइल खान में 98, बाजौर में 62, टैंक और पेशावर में 61-61 घटनाएं दर्ज की गईं हैं।

## हूती विद्रोहियों ने फिर बनाया कॉमर्शियल जहाज को निशाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने क्रूज मिसाइलों से कॉमर्शियल जहाज पर हमला किया है। अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने दावा किया है कि हूती विद्रोहियों ने यमन से ये मिसाइलें लॉन्च की थीं। समाचार एजेंसी रायटर के अनुसार, इस हमले से कॉमर्शियल टैंकर जहाज पर आग लग गई। हालांकि, इसमें किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि क्रूज मिसाइलों से ये हमला बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य के पास उत्तर में किया गया। अधिकारियों ने कहा कि इस हमले के बाद अमेरिकी नौसेना का जहाज मौके पर पहुंचा गया और कॉमर्शियल जहाज पर मौजूद लोगों की मदद कर रहा है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि जिस जहाज को हूती विद्रोहियों ने निशाना बनाया है। उसका इजरायल से कोई संबंध था या नहीं।

दरअसल, इजराइल हमास युद्ध के बीच ईरान समर्थित हूती विद्रोही संगठन अंतरराष्ट्रीय जहाजों को लगातार निशाना बना रहा है। हूती विद्रोही संगठन ने कहा कि वे इजरायल जाने वाले सभी जहाजों को उनकी राष्ट्रीयता की परवाह किए बिना निशाना बनाएगा।



## दो महीनों में तीन लाख से अधिक अफगान प्रवासी ईरान से निर्वासित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। ईरान से पिछले दो महीनों में तीन लाख से अधिक अफगान प्रवासियों को बलपूर्वक निर्वासित कर दिया गया। तालिबान के नेतृत्व वाले शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी का हवाला देते हुए, अफगानिस्तान स्थित टोलो न्यूज ने बताया कि दो महीनों में 345,000 से अधिक अफगानों को ईरान से अफगानिस्तान भेजा गया है। तालिबान द्वारा नियुक्त शरणार्थी और प्रत्यावर्तन उप मंत्री, अब्दुल रहमान रशीद ने कहा, मिजान के पहले से लेकर 17 कौव (8 दिसंबर) तक लगभग 345,000 प्रवासी थे। प्रत्येक परिवार को इस्लामिक अमीरात द्वारा नकद सहायता के रूप में 10,000 अफ्स प्रदान किए गए हैं।

# कश्मीर में अनुच्छेद 370 पर चीन ने तोड़ी चुप्पी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने के फैसले को वैध ठहराने के बाद पाकिस्तान जहां बौखलाया हुआ है, वहीं चीन ने अब तक चुप्पी साध रखी थी। भारतीय सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के करीब 24 घंटे बाद चीन ने अब चुप्पी तोड़ी है। चीन ने कहा है कि कश्मीर का मुद्दा भारत और पाकिस्तान के बीच इतिहास से जुड़ा हुआ है। चीन ने कहा कि इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर, सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव और द्विपक्षीय समझौतों के जरिए शांतिपूर्वक तरीके से हल किया जाना चाहिए। इस बीच पाकिस्तान की सरकार अब जम्मू कश्मीर के मुद्दे को लेकर

कश्मीर का मुद्दा भारत और पाक के बीच इतिहास से जुड़ा

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद पहुंच गई है जहां उसे भारत से करारा जवाब मिला है।

वहीं चीन के सरकारी भोंपू ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि भारतीय सुप्रीम कोर्ट का फैसला संयुक्त राष्ट्र के एक प्रस्ताव का उल्लंघन करता है। माना जा रहा है कि चीन के विदेश मंत्रालय ने भी इसलिए अपने बयान में संयुक्त राष्ट्र चार्टर और सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का जिक्र किया है। इस बीच पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर के मामले को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में उठाया है जहां उसे भारत से करारा जवाब मिला है। भारत ने कहा कि हम पाकिस्तान [illegible]मानवाधिकारों के मंच के गलत इस्तेमाल करने की निंदा करते हैं जिसने जम्मू कश्मीर का गैर अनुचित जिक्र किया है। भारत ने कहा कि इसकी बजाय पाकिस्तान अपने देश में अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों का उल्लंघन बंद करवाए और भारत की जमीन के अंदर सीमापार आतंकवाद पर लगाम लगाए। भारतीय सुप्रीम कोर्ट के फैसला देने के बाद से पाकिस्तान की केयर टेकर सरकार और वहां के नेता बौखलाए हुए हैं। शहबाज शरीफ हों या बिलावल भुट्टो, सभी जहर भरे बयान दे रहे हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय सर्वोच्च अदालत का फैसला हम नहीं मानते हैं।

## अफगानिस्तान में 5.2 की तीव्रता से हिली धरती


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। मंगलवार को एक बार फिर अफगानिस्तान में भूकंप आया है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, अफगानिस्तान में रिक्टर पैमाने पर 5.2 तीव्रता का भूकंप आया है। झटका सुबह करीब सात बजकर 3 मिनट पर महसूस किया गया। हालांकि अभी तक भूकंप की वजह से कितने लोग घायल हुए हैं या जानमाल का कितना नुकसान हुआ है, इसकी कोई जानकारी नहीं है। भूकंप सतह से 120 किमी नीचे था। इससे पहले अक्टूबर में, 6.3 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के बाद आए तेज झटकों ने पश्चिमी अफगानिस्तान में सैकड़ों लोगों की जान ले ली थी। तालिबान प्रशासन के हवाले से बताया गया था कि पिछले कुछ वर्षों में भूकंप के लिए अति संवेदनशील क्षेत्रों में से एक इस पहाड़ी देश में आए सबसे खतरनाक झटकों में 2000 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। जबकि नौ हजार से ज्यादा लोग घायल हो गए।

# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# पीएम आवास निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश

**बैठक** ## जिलाधिकारी ने संचालित कार्यो की ली समीक्षा बैठक

**संवाददाता**

चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से सभी अधिशासी अधिकारियों की बैठक लेते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), पीएम स्वनिधि, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं डोर–टू–डोर कूड़ा सेग्रीगेशन कार्यो की प्रगति समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएम आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का कार्य तत्काल पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। नए स्वीकृत आवासों के लिए जमीनी दस्तावेजों संबंधी औपचारिकताएं पूरी करते हुए शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए। जो आवास ड्रॉप हो रहे है उनकी साक्ष्य के साथ औचित्यपूर्ण रिपोर्ट उपलब्ध करें।

पीएम स्वनिधि के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण वितरण कार्यो की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी निकाय



ऋण वितरण हेतु निर्धारित लक्ष्य हासिल करना सुनिश्चित करें। जिन लोगों को ऋण वितरण किया जाना बाकी है, उनका आवेदन लेकर शीघ्र ऋण वितरण करें।

इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं डोर–टू–डोर कूड़ा सेग्रीगेशन पर विशेष फोकस रखने के निर्देश दिए। गृहकर, पालिका दुकान का किराया समय पर जमा करने, एंटी लिटरिंग एक्ट और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेकने एवं गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत, सुदृढ़ीकरण के साथ ही बिजली, पानी सहित नियमित सफाई की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नए सार्वजनिक शौचालय निर्माण हेतु प्रस्ताव उपलब्ध करें।

वीसी में बताया कि जिले में नगरीय क्षेत्रों में स्वीकृत 1445 पीएम आवास में से 1232 आवास पूर्ण हो गए है और 213 निर्माणाधीन है।

पीएम आवास शहरी के तहत 320 नए आवास स्वीकृत हुए है। जिसमें से 283 में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। पीएम स्वानिधि के अन्तर्गत प्रथम चरण में 380 स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण वितरण का लक्ष्य के सापेक्ष 451 वेंडर्स को ऋण वितरण किया गया है। द्वितीय चरण में 167 लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक 137 वेंडर्स को ऋण वितरण किया गया है। सभी निकायों में कॉम्पेक्टर मशीन से तैयार प्लास्टिक विक्रय से 71.40 लाख की आय अर्जित हुई है। एंटी लिटरिंग एंड एंटी स्पिटिंग एक्ट के तहत गत माह में 675 चालान से 3.58 लाख की आय अर्जित की गई है। वीसी में अपर जिलाधिकारी डॉ.अभिषेक त्रिपाठी सहित वर्चुअल माध्यम से सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### प्रभारी मंत्री से सड़क की बदहाली की शिकायत

**संवाददाता** देहरादून। धर्मपुर से अग्रवाल बेकरी तक की सड़क दुर्घटनाओं को न्योता दे रही हैं। भाजपा कार्यकर्ता बसंत पंत ने जिले के प्रभारी मंत्री सुबोध उनियाल से शिकायत ही है। मंत्री डीएम को कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। प्रभारी मंत्री को भेजे पत्र में बताया कि धर्मपुर से अग्रवाल बेकरी तक जाने वाली सड़क के बुरे हाल हैं। सड़क के दोनों तरफ नाली और फुटपाथ नहीं है। इस सड़क पर कई शिक्षण संस्थान है। सड़क पर एक अंधा मोड भी है, जहां पर दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहा है। पूर्व में इस सड़क पर एक युवक मौत हो चुकी है। उन्होंने मंत्री से सड़क किनारे फुटपाथ, नाली निर्माण के साथ ही साईन बोर्ड लगवाने की मांग की है। प्रभारी मंत्री सुबोध उनियाल ने डीएम को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### न्यूगो ने ऋषिकेश से दिल्ली, दून और मेरठ के बीच यात्रा को बनाया आसान

**संवाददाता** ऋषिकेश। ग्रीनसेल मोबिलिटी ने अपनी न्यूगो सेवा की शुरूआत की है। यह भारत की एक अत्याधुनिक बस सेवा है जिसके माध्यम से आप एक शहर से दूसरे शहर तक बड़ी आसानी से यात्रा कर सकते हैं और इससे प्रदूषण भी नहीं बढ़ेगा। यह ब्राण्ड ऋषिकेश से दिल्ली, देहरादून और मेरठ तक किफायती कीमत पर पर्यावरण के अनुकूल और आरामदायक यात्राओं का वादा करता है। यह पर्यावरण के लिये जिम्मेदारी को सबसे अधिक महत्व देकर यात्रा के अनुभवों को नये अंदाज में पेश कर रहा है। ऋषिकेश जिसे विश्व का योगा कैपिटल भी कहा जाता है, जोकि अब न्यूगो के साथ पड़ोसी राज्यों की राजधानियों से अच्छी तरह कनेक्टेड है। न्यूगो के रुट्स ऋषिकेश से दिल्ली, देहरादून और मेरठ कॉरिडोर्स पर चालू हैं।

### साधना नाइट्रो केम लिमिटेड ने शानदार वित्तीय परिणाम घोषित किए

**संवाददाता** महिंद्रा ने ब्लेजो एक्स एम–ड्युरा टिपर और विनिर्माण उपकरण की बीएसवी रेंज को लॉन्च किया देहरादून। महिंद्रा ग्रुप की सहायक कंपनी, महिंद्राज ट्रक एंड बस डिवीजन (एमटीबीडी), और कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट डिवीजन (एमसीई) ने नवाचार और विश्वसनीयता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए, एक्सकॉन 2023 में अपनी नवीनतम पेशकश लॉन्च की। नया इंडिया का नया टिपर महिंद्रा ब्लेजो एक्स एम–ड्युरा और विनिर्माण उपकरणों की नई सीईवी5 रेंज, उद्योग के नवीनतम मानकों के अनुरूप उन्नत फीचर्स एवं अनुपालन प्रदान करते हुए अपनी–अपनी श्रेणियों में मानकों को नए सिरे से प्रभावित करने के लिए तैयार है।

## आवंटित बजट को शत प्रतिशत व्यय करना करें सुनिश्चित

**संवाददाता** चमोली। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से जिला योजना, राज्य सेक्टर, केन्द्र पोषित एवं बाहय सहायतित योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभागों को निर्देशित किया कि योजनाओं के तहत आवंटित बजट को शत प्रतिशत व्यय करना सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि जिला योजना के तहत संचालित निर्माण कार्यो को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। जो कार्य पूर्ण हो चुके है, उनका उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराते हुए शीघ्र भुगतान किया जाए। किसी कारण से यदि कोई विभाग जिला योजना में आवंटित धनराशि व्यय नही कर पा रहे है, तो तत्काल इसकी सूचना उपलब्ध करें। ताकि शेष धनराशि को अन्य आवश्यक योजनाओं के लिए आवंटित किया जा सके। लोनिवि, जल निगम एवं वन विभाग के अंतर्गत वित्तीय प्रगति कम मिलने पर मुख्य विकास अधिकारी ने विभागों को संचालित कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान राज्य सेक्टर, केन्द्र पोषित एवं बीस सूत्री कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए संचालित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी विनय जोशी ने बताया कि जिला योजना में अभी तक 64 प्रतिशत, राज्य सेक्टर में 60 प्रतिशत धनराशि विभागों द्वारा व्यय कर दी गई है। होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक, सहकारिता सहित अधिकांश विभागों द्वारा जिला योजना में आवंटित बजट शत प्रतिशत व्यय कर लिया गया है।



### सीएम ने की विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा

**संवाददाता** चमोली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को वीसी के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा की। जिसमें संकल्प यात्रा के आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आयोजित करने के निर्देश दिए गए। इस संबंध में सभी जिलों के जिलाधिकारियों से सुझाव भी लिए गए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए प्रत्येक जिला स्तर पर प्रतिदिन के कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए। उन्होंने ब्लॉक लेबल के अधिकारियों को शिविरों में अनिवार्यरूप से प्रतिभाग करते हुए अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं की जानकारी और लाभ देने के निर्देश दिए। कहा कि विकसित भारत बनाने में युवाओं का अहम योगदान है इसलिए स्कूल कालेज के बच्चों भी शिविर के माध्यम से कार्यक्रमों की जानकारी दी जाए।

## उत्तराखण्ड सेवा का अधिकार आयोग की ओर से आयोजित की गई प्रशिक्षण कार्यशाला

**सेवा के अधिकार अधिनियम के तहत विभागों में अधिसूचित सेवाओं की दी गई जानकारी**

**संवाददाता** चमोली। उत्तराखण्ड सेवा का अधिकार आयोग की ओर से जनपद चमोली के पदाभिहित और प्रथम अपीलीय अधिकारियों का जिला पंचायत सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। इस दौरान आयोग के प्रशिक्षकों की ओर से अधिकारियों को सेवा के अधिकार अधिनियम 2011 के तहत विभागों में अधिसूचित सेवाओं और उनके निस्तारण की प्रक्रिया व समयावधि की विस्तृत जानकारी दी।

जिला पंचायत सभागार में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में सेवा का अधिकार आयोग के उप सचिव श्याम सुंदर सिंह पांगती ने बताया कि अधिनियम के तहत 51 विभागों की 963 सेवाओं को अधिसूचित किया गया है। जिनमें से वर्तमान में 387 सेवाओं का संचालन ऑनलाइन माध्यम से किया जा रहा है। जबकि अन्य विभागीय सेवाओं का संचालन ऑफलाइन हो रहा है। साथ ही उन्होंने अधिसूचित सेवाओं को लेकर पदाभिहित व प्रथम अपीलीय अधिकारियों के कार्यों, शक्तियों और शास्तियों की विस्तृत जानकारी दी।

आयोग के उप रजिस्ट्रार केसी पंत ने बताया कि चमोली जनपद सेवा का अधिकार अधिनियम के अनुपालन में 96.2 फीसदी स्वीकृतियों के साथ दूसरे स्थान पर है। जबकि अपणी सरकार पोर्टल में भी जनपद का प्रदर्शन अन्य जनपदों से बेहतर है। उन्होंने इस दौरान अपणी सरकार पोर्टल के साथ ही अधिनियम के तहत विभागों की ओर से की गई कार्रवाई की रिपोर्टिंग की जानकारी दी।

सहायक रजिस्ट्रार एसएम कंडवाल एवं जसपाल भाटिया ने प्रशिक्षण के दौरान सेवा के अधिकारी अधिनियम की आवश्यकता और पेंशन प्रकरणों के निस्तारण संबंधी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान आयोग के अधिकारियों ने विभागीय पदाभिहित व प्रथम अपीलीय अधिकारियों की शंका एवं सवालों का समाधान करते हुए उनके सुझावों को भी संकलित किया।

### मसूरी में बनाया देश का पहला कार्टोग्राफी म्यूजियमः महाराज

**संवाददाता** देहरादून। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि जार्ज एवरेस्ट हाउस में देश के पहले कार्टोग्राफी म्यूजियम बनकर तैयार हो गया है। इस म्यूजियम में जार्ज एवरेस्ट के सर्वे में उपयोग किए गये यंत्रों सहित एवरेस्ट की उंचाई नापने में सहयोग करने वाले राधानाथ सिकधर, पं. नैन सिंह व किशन सिंह रावत के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। मंगलवार को पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज जार्ज एवरेस्ट हाउस में बने कार्टोग्राफी म्यूजियम का निरीक्षण करने पहुंचे।। इसे 23.52 करोड़ की लागत से बनाया गया है। कहा कि राधानाथ सिकधर और पंडित नैन सिंह और किशन सिंह ने कन्याकुमारी से मसूरी तक को जंजीर से नापा है यह अदभुत है। उन्होंने कहा कि यह हमारी धरोहर है, जो पर्यटक यहां इसे देखने आएंगे वह निश्चित इसकी सराहना व ज्ञानवर्धन करेंगे। उन्होंने कहा कि इन्वेस्टर सम्मेलन में भी जार्ज एवरेस्ट व राधानाथ सिकधर व नैन सिंह के बारे में बताया गया।






# अमेरिका ने भी माना

**अपने आरोपों में अमेरिका ने भी माना है कि यह साजिश उन लोगों के खिलाफ रची गई थी, जो खालिस्तान समर्थक हैं। ऐसे में अमेरिका को यह समझना चाहिए कि भारत विरोधी इन तत्वों को संरक्षण देना ठीक नहीं है।**

अनुज सनवाल।।

अमेरिका की एक अदालत में वहां अधिकारियों ने यह आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया है कि एक भारतीय व्यक्ति ने किसी अज्ञात भारतीय अधिकारी के कहने पर उसके नागरिक की हत्या की साजिश रची। वाइट हाउस का कहना है कि इस मामले को शीर्ष स्तर पर भारत के सामने उठाया गया है। हालांकि भारत ने अमेरिका के ऐसे किसी सार्वजनिक आग्रह के काफी पहले ही इसकी जांच के लिए हाई लेवल कमिटी गठित कर दी थी। इस नागरिक को प्रेरित करने के पीछे अमेरिका किसी अज्ञात भारतीय अधिकारी का रोल बता रहा है। लेकिन वह अधिकारी कौन है, इस बारे में मुकदमे में किसी का नाम नहीं है। यूं तो अमेरिकी नागरिक का भी नाम नहीं दिया गया है, लेकिन यह संकेत मिला है कि इशारा खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नू की ओर है। पन्नू भारत में घोषित आतंकवादी है और वह लगातार भारत विरोधी बयान देता आया है। इस मामले में भारतीय विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि अमेरिका ने जो आरोप लगाया है, वह भारत की नीति नहीं है। मगर जिस तरह से यह मामला सामने आया है, वह अपने आप में कई सवाल खड़े करता है।



अपने आरोपों में अमेरिका ने भी माना है कि यह साजिश उन लोगों के खिलाफ रची गई थी, जो खालिस्तान समर्थक हैं। ऐसे में अमेरिका को यह समझना चाहिए कि भारत विरोधी इन तत्वों को संरक्षण देना ठीक नहीं है। वह भारत को स्वाभाविक सहयोगी मानता है। हाल के वर्षों में चीन के उभार को रोकने के लिए दोनों देश और करीब आए हैं। अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर लोकतंत्र है तो भारत सबसे बड़ा। अगर कोई शख्स खालिस्तान का समर्थन कर रहा है तो वह भारतीय लोकतंत्र के खिलाफ है। दूसरी बात यह है कि दूसरे देशों के नागरिकों की हत्या हो या तख्तापलट, इस मामले में अमेरिका का अपना रेकॉर्ड अच्छा नहीं है। उसने खालिस्तानी निज्जर के मामले में जिस तरह से कनाडा की तरफदारी की थी, वह भी मुनासिब नहीं थी। खासतौर पर यह देखते हुए कि भारत विरोधी तत्वों को वहां संरक्षण मिल रहा था। खैर, अमेरिका और भारत ताजा मामले में जिस तरह से सहयोग कर रहे हैं, वह परिपक्वता का सबूत है। वहीं, भारत ने इस मामले की जांच शुरू कर अच्छा कदम उठाया है। बेहतर होगा कि यह जांच जल्द पूरी की जाए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो जाए। सवाल यह भी उठता है कि कहीं यह सब भारत और अमेरिका के संबंधों में दरार डालने की साजिश तो नहीं है। उम्मीद है कि जांच से इस मामले के सारे पहलू सामने आएंगे और किसी भी गलतफहमी की गुंजाइश नहीं बचेगी।

## लक्ष्मी की कृपा

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** शास्त्रों के अनुसार तुलसी की पत्तियों को कुछ खास दिनों में नहीं तोड़ना चाहिए। एकादशी,रविवार, सूर्य ग्रहण और चन्द्र ग्रहण के वक्त तुलसी की पत्तियों को नहीं तोड़ना चाहिए। व्यर्थ में तुलसी की पत्ती तोड़ने से दोष लगता है। शाम के वक्त तुलसी के पास दीया जलाने से लक्ष्मी की कृपा सदैव बनी रहती है। घर के आँगन में तुलसी का पौधा है तो आपके घर के सारे वास्तु दोष मिट जायेंगे. घर में हमेशा धन लाभ के शुभ संकेत बने रहेंगे। तुलसी का पौधा परिवार को बुरी नजर से बचाता है। तुलसी का पौधा नकारात्मक उर्जा का भी नाश करता है। सुखा तुलसी का पौधा घर में रखना अशुभ माना जाता है। पौधा सूख गया है तो उसे किसी पवित्र नदी, तालाब या किसी कुँए में प्रवाहित कर दें। सुखा पौधा हटाने के बाद तुरंत नया तुलसी का पौधा लगाएं।

## संपादकीय

### समाधान की जरूरत

जब तक अर्थव्यवस्था में संतुलित सुधार नहीं होगा, रोजगार और वेतन मजदूरी के साथ लोगों की आर्थिक स्थिति नहीं सुधरेगी, पर्सनल लोन की जरूरत और मांग कम नहीं होगी। ऐसे में, अगर बैंक पर्सनल लोन देने से हिचकिचाएंगे तो क्या वे लोगों को चाइनीज ऐप्स और साहूकारों के जाल में फंसने के लिए बाध्य नहीं करेंगे? नतीजा, निम्न–मध्यम और मध्यम वर्ग से लेकर स्व–रोजगार में लगे लोगों का अच्छा–खासा हिस्सा खस्ता आर्थिक हालत के कारण नियमित और जरूरी घरेलू खर्चों के लिए भी कर्ज लेने या क्रेडिट कार्ड से खर्च करने को मजबूर हो गया है। यही नहीं, उनमें से कई उस पर्सनल लोन को चुकाने के लिए कर्ज ले रहे हैं। रिपोर्टों के मुताबिक, छोटे पर्सनल लोन (50 हजार रुपये से कम) लेने वालों में ऐसे लोगों की तादाद भी काफी है, जिन्होंने एक से ज्यादा और कुछ मामलों में चार से अधिक पर्सनल लोन ले रखे हैं। आरबीआई और वित्त मंत्री को इस समस्या का समावेशी और मानवीय समाधान ढूंढना पड़ेगा। यह भी सच है कि शुरू में खुद सरकार और आरबीआई बैंकों और NBFC की पर्सनल लोन और क्रेडिट कार्ड पर खर्चों को बढ़ाने की रणनीति की ओर से आंखें मूंदे रहे ताकि इकॉनमी की रफ्तार को तेज किया जा सके। अब आरबीआई ने असुरक्षित पर्सनल लोन का जोखिम भार बढ़ा दिया है, जिससे ये कर्ज महंगे हो जाएंगे।

आशंका बढ़ रही है कि उधारी के भुगतान में डिफॉल्ट के मामले बढ़ सकते हैं, जो पूरे बैंकिंग व्यवस्था को इस संक्रमण की चपेट में ले सकते हैं।

# जोखिम भरा कर्ज

आनंद प्रधान।।



रिजर्व बैंक देश में खुदरा कर्जों, खासकर असुरक्षित पर्सनल लोन में बेतहाशा बढ़ोतरी को लेकर काफी चिंतित है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बीते सप्ताह बैंकों और गैर–बैंकिंग फाइनैंस कंपनियों को अति–उत्साह से बचने की सलाह दी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी NBFC और बैंकों को उधार को लेकर सतर्क रहने को कहा है।

असुरक्षित या अनसिक्योर लोन वह कर्ज है, जिसे बैंक बिना किसी गारंटी या गिरवी (प्रतिभूति) के उधार देते हैं। ऐसे कर्ज को बहुत जोखिम भरा माना जाता है। क्रेडिट कार्ड से होने वाली खरीदारी खर्चों और उन छोटे–बड़े पर्सनल लोन को असुरक्षित कर्ज माना जाता है, जिसके लिए कोई परिसंपत्ति गिरवी नहीं रखी गई है। देश में पिछले दो–ढाई वर्षों में अनसिक्योर लोन में असामान्य बढ़ोतरी हुई है, कुछ तथ्यों पर गौर कीजिए। जून, 22 से सितंबर, 23 के बीच 16 महीनों में गैर हाउसिंग खुदरा या पर्सनल लोन (कार लोन, एजुकेशन लोन से लेकर पर्सनल लोन तक) में उससे पहले की अवधि की तुलना में लगातार 20 से 23 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है, जो एक रेकॉर्ड है। इसमें भी क्रेडिट कार्ड लोन में औसतन 30 फीसदी की रफ्तार से वृद्धि दर्ज की गई है। इस दौरान बैंकों ने जमकर क्रेडिट कार्ड बांटे, जिससे इस साल सितंबर में इसकी संख्या 9.30 करोड़ तक पहुंच गई। आरबीआई के मुताबिक, इस साल अक्टूबर में क्रेडिट कार्ड से खर्च रेकॉर्ड 1.78 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 40 फीसदी अधिक है। वित्त वर्ष 22–23 में सरकारी बैंकों के खुदरा कर्जों में 19.1 फीसदी की दर से वृद्धि दर्ज की गई, जो कि वर्ष 2011 के बाद रेकॉर्ड वृद्धि दर है। यही नहीं, इस दौरान उनके क्रेडिट कार्ड उधारी में 25.6 फीसदी की वृद्धि हुई, जो कि उसके पहले के वित्त वर्ष (21–22) में 65.3 फीसदी की बढ़ोतरी के बाद आई। निजी बैंक और भी आगे हैं। वर्ष 22–23 में उनके खुदरा कर्जों में 21.8 फीसदी और क्रेडिट कार्ड उधारी में 33.5 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

चालू वित्त वर्ष (23–24) के पहले छह महीने में बैंकों के असुरक्षित पर्सनल लोन और क्रेडिट कार्ड उधारी में क्रमशः 25.5 फीसदी और 29.9 फीसदी की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई।

बैंकों ने NBFC और माइक्रो फाइनैंस कंपनियों को भी काफी कर्ज दिया है जो वास्तव में, असुरक्षित पर्सनल लोन के धंधे की सबसे बड़ी खिलाड़ी बनकर उभरी हैं। बीते चार वर्षों में NBFC ने सालाना औसतन 30 फीसदी से ज्यादा की रफ्तार से पर्सनल लोन बांटा है, जिसके कारण मार्च, 23 में उनके कुल कर्जों में पर्सनल लोन का हिस्सा बढ़कर 31.2 फीसदी तक पहुंच गया था। लेकिन NBFC ने इस असुरक्षित कर्ज का बड़ा हिस्सा बैंकों से उधार लेकर दिया है। इसके कारण यह आशंका बढ़ रही है कि उधारी के भुगतान में डिफॉल्ट के मामले बढ़ सकते हैं, जो पूरे बैंकिंग व्यवस्था को इस संक्रमण की चपेट में ले सकते हैं। इससे बैंकिंग व्यवस्था की स्थिरता को खतरा पैदा हो सकता है। लेकिन ज्यादा जोखिम के बावजूद बैंकों और खासकर NBFC और माइक्रोफाइनैंस कंपनियों में पर्सनल लोन और क्रेडिट कार्ड बांटने की होड़ लगी रहती है। इसकी कई वजहों में एक बड़ी वजह पर्सनल लोन और क्रेडिट कार्ड के खर्चों पर ब्याज की ऊंची दरें और इस कारण होने वाला बड़ा मुनाफा है।

### सूडोकू नवताल-5332

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | 4 | 2 | | 6 | | 3 |
| | 6 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| 4 | 1 | | | | 3 | 5 | 8 | |
| | 9 | 8 | 3 | | | | | |
| 7 | | 4 | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | | | 9 | 7 | 3 | |
| | 8 | 5 | 7 | | | | 4 | 6 |
| | 2 | | 9 | | 1 | | 5 | |
| 3 | | 1 | | 6 | 8 | 9 | 7 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल -5331 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 |

## अपना ब्लॉग

### कर्ज देने को लेकर बहुत सतर्क हो गए बैंक

**मोहन।** कॉरपोरेट और उद्योग क्षेत्र को बड़े कर्जे देकर हाथ जला चुके बैंक अब उसे कर्ज देने को लेकर बहुत सतर्क हो गए हैं। यही नहीं, खुद कॉरपोरेट क्षेत्र में नए निवेश को लेकर उत्साह नहीं दिख रहा है और इस कारण बड़े कर्ज की मांग कम हो गई है। दूसरी ओर, कोविड महामारी के दौरान अर्थव्यवस्था में आई भारी गिरावट और उसके बाद असंतुलित सुधार, छोटे–मंझोले उद्योगों की खस्ता हालत, रोजगार संकट, तेज महंगाई और वेतन और मजदूरी में अपेक्षित बढ़ोतरी न होने के कारण छोटे पर्सनल लोन की मांग बढ़ी है। विश्लेषकों के मुताबिक, भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार और उसकी औसतन 5.5 से 6 फीसदी की वृद्धि दर के बावजूद यह अंग्रेजी के ज्ञ अक्षर की तरह की वृद्धि है, जिसमें बड़ी कंपनियों, अमीरों, उच्च–मध्यवर्ग और वाइट कॉलर वेतनभोगियों के मुनाफे और आय में अच्छी–खासी बढ़ोतरी हुई है। लेकिन निम्न–मध्यवर्ग, ब्लू कॉलर कामगारों, स्व–रोजगार और छोटे काम–धंधों में लगे लोगों और ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे–मंझोले किसानों की स्थिति में सुधार के बजाय उलटे कुछ हिस्सों की स्थिति बदतर हुई है।





## जॉन विक फेम कियानू रीव्स के घर में खिड़की तोड़कर घुसे बदमाश

हॉलीवुड एक्टर और जॉन विक फेम कियानू रीव्स के घर में चोरी हुई है। लॉस एंजिलिस पुलिस के मुताबिक, सुपरस्टार एक्टर के घर में कुछ बदमाश खिड़की तोड़कर घुसे थे। पुलिस को घर से जो सीसीटीवी फुटेज मिला है, उसमें कुछ अज्ञात लोग एक्टर के घर में घुसते हुए नजर आए हैं। सभी ने चेहरा छिपाने के लिए मास्क पहन रखा था। दिलचस्प है कि इस पूरी घटना में एक्टर के घर से सिर्फ एक बंदूक चोरी हुई है। पुलिस ने मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना बीते बुधवार, 6 दिसंबर देर रात की है। लॉस एंजिलिस पुलिस को कियानू के किसी पड़ोसी ने फोन पर इसकी जानकारी दी। पुलिस डिपार्टमेंट को इस फोन करने वाले ने अपना नाम नहीं बताया। लेकिन यह जानकारी जरूर दी कि एक्टर के घर में कुछ लोग जबरन घुसने की कोशिश कर रहे हैं। जब मौके पर पुलिस पहुंची तो वहां कोई नहीं था। ऐसे में पुलिस को यह फेक कॉल लगा। लेकिन देर रात करीब 1 बजे कियानू रीव्स के घर में लगा सिक्योरिटी अलार्म बजने लगा। पुलिस जब दोबार वहां पहुंची, तो बदमाश फरार हो चुके थे। मौका ए–वारदात पर पुलिस को घर की एक खिड़की टूटी हुई मिली, जिसके बाद यह अंदेशा लगाया गया कि बदमाश इसी रास्ते घर में घुसे होंगे। खास बात यह है कि इससे पहले भी दो बार कियानू रीव्स के घर में चोरी हो चुकी है।

## सालार में होगा रॉकी भाई यश का जबरदस्त कैमियो

प्रशांत नील की सालार को लेकर फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। वो पूरी तरह श्योर थे कि यह फिल्म केजीएफ का हिस्सा है, और इसमें रॉकी भाई यश जरूर नजर आएंगे। लेकिन कुछ समय पहले प्रशांत नील ने इसका खंडन कर दिया था, और कहा था कि सालार और केजीएफ एक–दूसरे से कनेक्टेड नहीं हैं और यश इसका हिस्सा नहीं होंगे। पर अब सच सामने आ गया है। रॉकी भाई यश सालार में नजर आएंगे और यह खुलासा चाइल्ड आर्टिस्ट तीर्था सुभाष ने किया है। तीर्था सुभाष श्सालारश के साथ बतौर सिंगर जुड़ी हैं, और उन्होंने एक इंटरव्यू में गलती से सालार में यश के कैमियो का खुलासा कर दिया। सालर 22 दिसंबर को रिलीज होगी। बॉक्स ऑफिस पर इसकी टक्कर शाहरुख खान स्टारर डंकी से होगी। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि सालार और केजीएफ की कहानी जुड़ी होगी। फैंस ने इसके लिए कई थ्योरीज भी ढूंढ निकाली। यह दावा इस आधार पर भी किया जा रहा था कि सालार को केजीएफ वाले प्रशांत नील ने डायरेक्ट किया है। इसके अलावा फिल्म में दो किरदार वो भी हैं।

## करण जौहर और अर्जुन ने अनन्या के नाम पर की आदित्य रॉय कपूर की खिंचाई




कॉफी विद करण 8 के नए एपिसोड का प्रोमो आ चुका है। इस गुरुवार यानी 14 दिसंबर को करण के शो में अर्जुन कपूर और आदित्य रॉय कपूर नजर आएंगे। आदित्य का नाम अनन्या पांडे के साथ जोड़ा जाता रहा है। दोनों को कई बार साथ में स्पॉट किया गया, और वो वेकेशन पर भी साथ गए थे। ऐसे में करण जौहर अपने शो में आदित्य की खिंचाई न करें, भला ऐसा कैसे हो सकता है? करण तो करण, अर्जुन कपूर ने भी अनन्या के नाम पर आदित्य की खूब खिंचाई की। वहीं आदित्य ने रिवील किया कि वह अनन्या को सच में डेट कर रहे हैं या नहीं। कॉफी विद करण 8 का नया प्रोमो मजेदार है, और इसमें अर्जुन कपूर व आदित्य एक–दूसरे के बारे में मजेदार खुलासे करते नजर आ रहे हैं। करण, आदित्य रॉय कपूर से पूछते हैं कि ऐसी खबरें कि तुम अनन्या पांडे को डेट तक कर रहे हो। इस पर आदित्य ब्लश करते हैं और बोलते हैं, मुझसे कोई सीक्रेट मत पूछना, मैं तुम्हें कोई झूठ नहीं बताऊंगा। करण जौहर फिर रैपिड फायर राउंड खेलते हैं, जिसमें वह आदित्य से सवाल पूछते हैं, श्अगर तुम लिफ्ट में श्रद्धा कपूर और अनन्या पांडे के साथ फंस गए तो क्या करोगे? लेकिन इसका जवाब अर्जुन देते हैं।

# कानूनी पचड़े में फंसी तमन्ना भाटिया की वेब सीरीज

*इसी साल अगस्त महीने में ओटीटी पर रिलीज हुई तमन्ना भाटिया की वेब सीरीज आखिरी सच अब कानूनी पचड़े में फंस गई है। दिल्ली के चर्चित बुराड़ी कांड पर बनी इस सीरीज को खबू पसंद भी किया गया। लेकिन अब चार महीने बार सीरीज के मेकर्स आपस में भीड़ गए हैं। शो के प्रोड्यूसर निखिल नंदा ने अपने साथी को–प्रोड्यूसर प्रीति सीमोस और नीति सीमोस के खिलाफ दिल्ली में एफआईआर दर्ज करवाई है। सिमोस बहनों का दावा है कि निखिल नंदा ने उन्हें धोखा दिया है। बहनों ने कहना है कि आखिरी सच के सीजन 1 में काम करने वाले कई लोगों को अभी तक नंदा की तरफ से पैसों का भुगतान नहीं किया गया है। इस बाबत निखिल नंदा के खिलाफ भी एक मामला दर्ज हो चुका है।*




एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**निखिल नंदा का दावा- मेरे सबसे अधिक शेयर्स**

समझा जा रहा है इस पूरे मामले में, उन सेलिब्रिटीज को भी जांच में शामिल किया जाएगा, जिन्होंने सोशल मीडिया हैंडल पर शो का प्रचार किया था। अपनी शिकायत में नि खल नंदा ने अधिकारियों से इस बात की जांच करने का अनुरोध किया है कि शो के क्रेडिट में उनका नाम क्यों नहीं है। नंदा ने अपना पक्ष रखते हुए यह भी दावा किया है कि वह आखिरी सच वेब सीरीज बनाने वाले प्रोडक्शन हाउस के बहुमत शेयरधारक हैं। उन्होंने एफआईआर कॉपी में यह भी आरोप लगाया कि सिमोस बहनों ने दिल्ली के एक न्यूकमर प्रोड्यूसर और एक्टर को भी



धोखा दिया।

**प्रीति सिमोस बोलीं- वह सिर्फ ध्यान भटकाना चाहते हैं**

निखिल नंदा के इन सभी दावों को खारिज करते हुए, प्रीति सिमोस ने इस मामले पर कहा, नीति और मुझे हमारे शो आखिरी सच और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इसकी सफलता पर बेहद गर्व है। यह हमारा दुर्भाग्य था कि हम हमें खुद को किसी ऐसे व्यक्ति के साथ जोड़ना पड़ा जो सिलसिलेवार डिफॉल्टर है। वह लोगों के बकाया पैसों का भुगतान नहीं करता है। उस पर हमारे सहित पहले से ऐसे कई मामले दर्ज हैं। हमने उसके खिलाफ पहले ही केस दर्ज करवाया है। सिमोस बहनों का कहना है कि नंदा ने पैसों की जानकारी देने, भुगतान के लिए आए पैसों के इस्तेमाल, आदि की जानकरी से ध्यान भटकाने के लिए यह काउंटर केस फाइल किया है।

**हार्ड डिस्क पर हॉटस्टार का अधिकार है, ना हमारा ना उनका**

प्रीति सिमोस ने निखिल नंदा के उन दावों पर भी बयान दिया है, जिसमें हार्ड डिस्क से छेड़छाड़ के आरोप हैं। वह कहती हैं, उनका रेपुटेशन पहले से खराब है, यही कारण है कि आखिरी सच की पूरी कास्ट और क्रू ने उनसे दूरी बना ली। मुझे लगता है कि यह भी कुछ ऐसा है कि वह हमारे प्रति द्वेष रखते हैं। उनके दावे मान्य नहीं हैं। शो की हार्ड डिस्क के बारे में उनका दावा बेबुनिया है, क्योंकि हार्ड डिस्क ओटीटी प्लेटफॉर्म हॉटस्टार की संपत्ति है। यही होता है जब आपने काम नहीं किया होता है। फुटेज ओटीटी प्लेटफॉर्म का है, मेरा या उसका नहीं। वह प्रोडक्शन हाउस के बहुमत शेयरधारक भी नहीं हैं, जिसका वह दावा कर रहे हैं। नीति और मेरे दोनों की 25–25 प्रतिशत हिस्सेदारी है। ऐसे में संयुक्त रूप से हमारी हिस्सेदारी 50 प्रतिशत है और उनके पास बाकी 50 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# नवाजुद्दीन सिद्दीकी की लाडली की खूबसूती देख हो जाएंगे मुरीद

*नवाजुद्दीन सिद्दीकी और आलिया की बेटी शोरा अब काफी बड़ी हो गई है। उसके 14वें जन्मदिन के मौके पर एक्टर ने एक वीडियो कोलाज शेयर किया, जिसमें लाडली के अब तक के खूबसूरस पल कैद हैं। नवाज का अपनी पत्नी संग जैसा भी रिश्ता रहा हो लेकिन वह बच्चों पर उसका असर नहीं पड़ने देते। दोनों ही बच्चे नवाजुद्दीन और आलिया को बराबर प्यार करते हैं। बिग बॉस ओटीटी 2 कंटेस्टेंट्स ने तो खुलासा भी किया था कि एक्टर बच्चों को वेकेशन्स पर भी लेकर जाते हैं।*



नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने बेटी का वीडियो शेयर कर लिखा, हैप्पिएस्ट बर्थडे शोरा। साथ में एक रेड हार्ट, एक स्माइली औ एक स्टार का इमोजी शेयर किया। इसके बाद फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने लिखा, जन्मदिन की मुबारक। श्वेता बसू प्रसाद ने लिखा, हैप्पी बर्थडे शोरा। कुशन नंदी ने लिखा, हैप्पी बर्थडे शोरा। फैन्स ने भी एक्टर की बेटी को जमकर शुभाकामनाएं दीं और बेहतरीन लाइफ की कामना की।

**शोरा का मस्तीभरा वीडियो**

वीडियो में शोरा सिद्दीकी अलग–अलग जगहों पर नजर आ रही हैं। नवाज ने उन्हें जहां–जहां कैप्चर किया। जिस भी मस्ती मोड में उनको अपने कैमरे में कैद किया, वह सब वीडियो में नजर आ रहा है। इसमें कभी शोरा डांस कर रही हैं तो कभी वैनिटी में नजर आ रही हैं। इतना ही नहीं, वह हाथ में कॉफी लिए भी पोज कर रही हैं। वह साइकिलिंग करते हुए और गाते हुआ भी दिखाई दे रही हैं। इस क्लिप को देखने के बाद ये एहसास हो रहा है कि वह अपने पिता से करीब हैं।

**नवाजुद्दीन की पत्नी ने बदला नाम**

बता दें कि नवाजुद्दीन सिद्दीकी के दो बच्चे हैं। बेटी शोरा और बेटा यानी। आलिया सिद्दीकी से इनका तलाक केस कोर्ट में है। यानी की मां ने अपने नए हमसफर की तलाश कर ली है और उसके साथ फोटोज भी शेयर की थीं। मगर अब वह सोशल मीडिया से हट गई हैं और दुबई शिफ्ट हो गई हैं। अपना नाम भी बदल लिया है और आलिया आनंद पांडे कर लिया है। बेटी भी पढ़ाई की वजह से इनके साथ ही रह रही है।

# 100 दिनों तक रहने वाली काली खांसी, अलग हैं लक्षण



**बहुत तेजी से फैलती है ये बीमारी**
सीडीसी कहता है कि काली खांसी बहुत संक्रामक होती है। यह ठवतकमजमससं च्मतजनेपे नाम के बैक्टीरिया के कारण होती है। जो कि अपर रेस्पिरेटरी सिस्टम के सिलिया (छोटे बाल जैसे एक्सटेंशन) से चिपककर टॉक्सिन छोड़ता है और सांस की नली सूज जाती है।

*अक्सर आपने काली खांसी के बारे में सुना होगा, लेकिन क्या आप इसके लक्षणों के बारे में जानते हैं। यह सामान्य खांसी से बहुत अलग होती है और नजरअंदाज करने पर लंग डैमेज हो सकता है।*

**काली खांसी के लक्षण**
सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन के मुताबिक काली खांसी के लक्षण तीन स्टेज में दिखते हैं। जो 3 हफ्तों से लेकर 3 महीनों तक परेशान करते हैं।

**तीसरी स्टेज में लक्षण**
तीसरी स्टेज में लक्षणों में कमी आने लगती है, मगर पूरी तरह खांसी जाने में 1 से 2 महीने लग सकते हैं। इसे रिकवरी स्टेज कहा जाता है।

**ऐसे शिकार बनाती है काली खांसी**
यह बीमारी नॉर्मल खांसी या फ्लू की तरह फैलती है। मरीज के खांसने या छींकने पर संक्रमित पार्टिकल्स निकलकर हवा में पहुंच जाते हैं। जब कोई स्वस्थ व्यक्ति सांस के द्वारा इन्हें लेता है तो वो भी संक्रमित हो जाता है।

**डह्क्टर ही करेगा इलाज**
काली खांसी का इलाज खुद से मुश्किल है। इसके लिए किसी डॉक्टर की मदद लेनी पड़ती है। वो एंटीबायोटिक्स के जरिए लक्षणों को मैनेज करता है। जितनी जल्दी आप डॉक्टर के पास चले जाएंगे, आपको उतना जल्दी आराम मिलने लगेगा। इसे नजरअंदाज करने पर खतरनाक लंग डैमेज हो सकता है।

**पहली स्टेज में लक्षण**
■नाक बहना या बंद नाक
■लो ग्रेड फीवर (100.4 डिग्री फॉरेनहाइट से कम)
■हल्की या कभी–कभार खांसी
■एप्निया (सांस रुकना)

**दूसरी स्टेज में लक्षण**
■लंबी और तेज आवाज वाली खांसी
■कई बार खांसने के बाद उल्टी होना
■खांसने के तुरंत बाद थकावट होना
■सांस लेने में मुश्किल

# बिना डरे प्रेशर कुकर में बनाएं दाल, झाग से नहीं बनता यूरिक एसिड

*कई लोगों को कंफ्यूजन है कि दाल प्रेशर कुकर में पकानी चाहिए या नहीं। आप भी सोच रहे होंगे कि ये कैसा सवाल है दाल आखिरी प्रेशर कुकर में ही पकाई जाती है। कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियोज में दिखाया गया था, कि दाल को अगर सही तरीके से न पकाया जाए, तो शरीर में यूरिक एसिड बढ़ जाता है। इसे लेकर न्यूट्रिशनिस्ट जूही कपूर ने इंस्ट्राग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें उन्होंने लोगों के इस भ्रम को दूर कर नियमित रूप से दाल का सेवन करने की सलाह दी है।*

**क्या दाल खाने से यूरिक एसिड बढ़ता है**
न्यूट्रिशनिस्ट कहती हैं कि जिन फूडस में प्यूरिन कंटेंट ज्यादा होता है, उसके कारण यूरिक एसिड बढ़ सकता है। जैसे सी फूड या रेड मीट। लेकिन दालों में प्यूरिन ज्यादा मात्रा में नहीं होता, इसलिए दाल खाने से शरीर में यूरिक एसिड बढ़ने की संभावना न के बराबर होती है।

**झाग की परत को हटाएं या नहीं**
इंटरनेट पर वायरल हुए दावे में कहा गया था कि दाल उबालते समय ऊपर जमा होने वाले झाग की परत हटानी चाहिए। ऐसा न करने से शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ती है, जिससे घुटने और जोड़ों में दर्द होने लगते हैं। लोग इस बात को लेकर परेशान हैं कि क्या ऐसा करना जरूरी है। क्ध्योंकि आज तक भारतीय घरों में पकाई जाने वाली दालों से झाग निकाल पाना संभव नहीं हुआ है।





**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

न्यूट्रिशनिस्ट ने बताया कि दाल उबलने पर झाग वाला टेक्स्चर असल में सैपोनिन, प्रोटीन और स्टार्च की वजह से होता है। यह सैपोनिन बहुत कम मात्रा में दाल में मौजूद होता है। इसलिए ये हमारी बॉडी के लिए नुकसानदायक नहीं है। बल्कि यह एक तरह का एंटीऑक्सीडेंट है। खासतौर से अगर ये मॉडरेशन में है, तो इससे शरीर को कोई हानि नहीं होती।

**यूजर ने दी प्रतिक्रिया**
इस संबंध में ट्विटर पर एक यूजर ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि पहले पतीला यानी खुले बर्तन में दाल–भात बनता था। अदहन जब अनाज के साथ उबलता था तो बार–बार एक मोटे झाग की परत जमा होती थी, जिसे मां रह–रह के निकाल के फेक दिया करती थी। पूछने पर कहती कि इससे तबीयत खराब होती है। बाद में बड़े होने पर पता चला वो झाग शरीर मे यूरिक एसिड बढ़ाता है। हालांकि, हमारे बुजुर्ग ऐसा ही मानते थे, फिर भी जानना जरूरी है कि वैज्ञानिक अध्ययन इस बारे में क्या कहते हैं।

**आखिर क्ध्या होता है सैपोनिन**
वैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि सैपोनिन नुकसानदायक नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है। इसमें एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटी कैंसर गुण पाए जाते हैं। सैपोनिन शब्द मूल लैटिन शब्द सैपो से बना है, जिसका मतलब साबुन होता है। सैपोनिन के उबलने से झाग या फोम बनता है। हालांकि, पहले सैपोनिन को हानिकारक माना जाता था। लेकिन कई वैज्ञानिक रिसर्च ने दावा किया है कि यह कई गुणों का खजाना है। कोलेस्ट्रॉल को कम करने के साथ कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों को रोकने में सैपोनिन बहुत असरदार है।

**ना फेकें भिगोई दाल का पानी**
एक स्टडी के मुताबिक दाल को उबालने से पहले इसे जिस पानी में भिगोया जाता है, फेंकने पर दाल में सैपोनिन की मात्रा कम हो जाती है। लेकिन आमतौर पर हम सभी जिस पानी में दाल को भिगोते हैं, उसे फेंककर उबालने के लिए दूसरे पानी का उपयोग करते हैं।



## इस बीज की चटनी खाते ही कंट्रोल में आ जाता है बीपी और कोलेस्ट्रॉल

भारतीय थाली चटनी के बिना अधूरी है। खाने का स्ध्वाद बढ़ाने के लिए थाली में चटनी जरूर सर्व की जाती है। लोगों का मानना है कि थाली में सब्जी न हो चलेगा, लेकिन चटनी जरूर होनी चाहिए। यह एक साइड डिश है, जो स्वादिष्ट होने के साथ सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होती है। आपने चाट पकौड़ी या पराठे के साथ हरी चटनी, टमाटर की चटनी, पुदीने की चटनी जरूर खाई होगी। लेकिन क्ध्या आपने कभी अलसी की चटनी का स्वाद लिया है। सुनने में थोड़ा अजीब लगेगा, लेकिन यह चटनी केवल खाने का स्ध्वाद ही नहीं, बल्कि पोषक तत्ध्वों की मात्रा भी बढ़ती है। यह हेल्दी फैट, एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर का बेहतरीन स्त्रोत है। अगर आपने आज से पहले अलसी के बीजों की चटनी नहीं खाई है, तो न्यूट्रिशनिस्ट जूही कपूर ने इंस्टाग्राम पर इसकी रेसिपी शेयर की है। आइए जानते हैं इसे बनाने का तरीका। लेकिन इससे पहले जानेंगे अलसी के बीज की चटनी के स्वास्थ्य लाभों के बारे में। इस चटनी में प्रोटीन, लिगनेन और जरूरी फैटी एसिड अल्फा–लिनोलेनिक एसिड होता है, जिसे एएलए या ओमेगा–3 के रूप में भी जाना जाता है। पिसे हुए अलसी के बीज का सेवन शरीर को पोषक तत्वों को ज्ध्यादा प्रभावी ढंग से अवशोषित करने में मदद करता है।

## पेट में बनता है भयंकर तेजाब? घर में रखी ये चीजें खाए

अगर आपके पेट में हमेशा भारीपन रहता है या आपका जी मचलता रहता है और साथ में सीने में जलन रहती है, तो संभव है कि आप एसिड रिफ्लक्स की समस्या से जूझ रहे हैं। इसे गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स रोग कहा जाता है। यह तब होता है जब आपके द्वारा खाया गया भोजन पेट से खाने की नली में वापस आता है। इन चीजों में कभी–कभी अत्यधिक एसिड होता है और यह आपके अन्नप्रणाली में जलन पैदा कर सकता है। अगर आप यूरिक एसिड की समस्या से जूझ रहे हैं, तो आपको इस समस्या से राहत पाने के लिए खाने से आधा कप एलोवेरा जूस पीना चाहिए। एलोवेरा के सेहत को अनगिनत फायदे हैं। एसिड रिफ्लक्स के लिए सेब का सिरक एक बेहतरीन घरेलू उपाय है। इसके लिए आपको खाने से पहले या बाद में एक गिलास पानी में एक चम्मच सेब का सिरका डालकर पीना चाहिए। एक उपाय यह है कि आप ग्लूटामाइन का सेवन बढ़ा दें।

## शरीर का उठना–बैठना बंद करवा देगी प्रोटीन की कमी, भटकने की जरूरत नहीं





प्रोटीन बहुत आवश्यक पोषक तत्व है, जो मसल्स बनाने में मदद करता है। अधिकतर लोगों को लगता है कि सिर्फ बॉडी बनाने या दुबलापन दूर करने के लिए इसकी जरूरत होती है। मगर आपको जानकर हैरानी होगी कि यह दूसरे भी कई काम करता है, जिसके बिना भी शरीर का सर्वाइव करना मुश्किल हो जाता है। क्या आप जानते हैं कि प्रोटीन की कमी से घाव ठीक होना बंद हो सकते हैं। यह टिश्यू को रिपेयरिंग और रिजनेरेट करने में सपोर्ट करता है। इसमें कोलेजन नाम का प्रोटीन होता है, जिसके बिना घाव ठीक नहीं हो सकते हैं। इसलिए आपके शरीर पर नये घावों के साथ पुराने घाव भी वैसे ही बने रहते हैं। जैसे ही शरीर को पर्याप्त प्रोटीन नहीं मिलता है, वैसे ही कुछ काम धीमे या रुक जाते हैं। इन रोगों में जरूरत से ज्यादा कम वजन, कमजोर इम्यून सिस्टम, घाव ठीक ना होना, थकान और कमजोरी, मूड स्विंग्स, हॉर्मोन का बिगड़ना, बेकाबू वजन–शुगर, बाल झड़ना, नाखून टूटना और बेजान स्किन झेलनी पड़ती है। 1 कप (246 ग्राम) दूध पीने से 8.32 ग्राम प्रोटीन मिलता है। यह कैल्शियम, विटामिन डी, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, सोडियम, जिंक, आयोडीन जैसे न्यूट्रिएंट्स भी देता है। जो आपकी हड्डियों को कमजोर होने से बचाता है। यह दिमाग की क्षमता बढ़ाने में भी मददगार है। एक अंडे में करीब 6.3 ग्राम प्रोटीन होता है। यह एक हाई प्रोटीन फूड है, जो कम से कम कैलोरी के साथ डेफिशिएंसी होने से रोकता है। अगर आप वजन कम कर रहे हैं तो भी इसे बेझिझक खा सकते हैं। सारी ताकत इसके सफेद हिस्से में होती है।



इंग्लैंड की टेस्ट टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान),जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), शोएब बशीर, बेन डकेट, बेन फोक्स (विकेटकीपर), गस एटकिन्सन, जैक क्राउली, ओली रॉबिन्सन, जेम्स एंडरसन, जो रूट, टॉम हार्टली, जैक लीच, ओली पोप, मार्क वुड, हैरी ब्रूक, रेहान अहमद।

## अच्छा हुआ....भारत दौरे पर नहीं मिली जगह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्रिजटाउन। तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स ने स्वीकार किया कि भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से उन्हें बाहर रखकर इंग्लैंड ने सही फैसला किया है क्योंकि उपमहाद्वीप में उनका रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। 34 वर्ष के वोक्स को पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिये इंग्लैंड की 16 सदस्यीय टीम में नहीं चुना गया है। पहला टेस्ट 25 जनवरी से हैदराबाद में खेला जाएगा। वोक्स ने 'ईएसपीएन क्रिकइन्फो' से कहा, शमिले जुले जज्बात हैं। आप हमेशा टेस्ट टीम का हिस्सा बनना चाहते हैं, लेकिन मेरी उम्र और उपमहाद्वीप में मेरे रिकॉर्ड को देखते हुए यह सही फैसला था।' वोक्स ने इंग्लैंड में 21.88 की औसत से गेंदबाजी की है, लेकिन विदेश में उनका औसत 51.88 है। भारत में 2016 में तीन टेस्ट में उन्होंने 81.3 की औसत से तीन ही विकेट लिए। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि टेस्ट क्रिकेट में मैंने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इंग्लैंड में ही किया है। ऐसा नहीं है कि उपमहाद्वीप के दौरों पर अब मैं उपलब्ध नहीं रहूंगा, लेकिन मुझे इस फैसले से भी कोई परेशानी नहीं है। मुझे पूरी सूचना दी गई थी और मुझे कोई मलाल नहीं है।'

# आईपीएल 2024 में कमबैक करेंगे ऋषभ पंत!

क्रिकेट

## 19 दिसंबर को दुबई में आईपीएल के लिए मिनी ऑक्शन होने जा रहे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। 19 दिसंबर को दुबई में इंडियन प्रीमियर लीग 2024 (आईपीएल) के लिए मिनी ऑक्शन होने जा रहे हैं। यह पहली बार होगा जब ऑक्शन का आयोजन देश से बाहर किया जा रहा है। ऐसे में अब सभी टीमों ने अपने खिलाड़ियों को रिटेन और रिलीज करने की लिस्ट बीसीसीआई को सौंप दी है। ऐसे में दिल्ली कैपिटल्स के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आ रही है। जी हां दिल्ली वापस लौट रहे हैं कप्तान ऋषभ पंत। पंत टीम में कप्तान और बल्लेबाज के रूप में वापसी करेंगे, लेकिन विकेटकीपर की भूमिका नहीं निभाएंगे।

रिपोर्ट्स की मानें तो ऋषभ पंत आईपीएल 2024 में मैदान पर वापसी कर रहे हैं। हालांकि अभी अधिकारिक रूप से इसकी कोई पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन रिपोर्ट्स की मानें तो पंत आईपीएल के 17 वें सीजन से पहले पूरी तरह फिट हो जाएंगे।



साथ ही पंत नवंबर में कोलकाता में दिल्ली कैपिटल्स के हालिया कैंप में टीम के कोच रिकी पोंटिंग, सौरव गांगुली डायरेक्टर और प्रवीण आमरे के साथ शामिल हुए थे। इसके अलावा पंत 19 दिसंबर को होने वाले आईपीएल 2024 के ऑक्शन से पहले टीम के खिलाड़ियों को रिटेन और रिलीज करने की बैठक में भी शामिल हुए थे।

बता दें दिसंबर 2022 में एक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पंत सर्जरी के बाद इन दिनों रिहैब के लिए एनसीए बेंगलुरु में हैं। अगर फरवरी तक एनसीए पंत को फिट करार देती है तो वह आईपीएल 2024 में शामिल होंगे। ऐसे में पंत साल 2023 के आईपीएल से भी चूक गए थे और उनकी गैर मौजूदगी में ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर को टीम का कप्तान बनाया गया था।

# पत्नी संग साउथ अफ्रीका पहुंचे गेंदबाज मुकेश कुमार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

डरबन। अभी मुकेश कुमार के हाथों की मेंहदी का रंग भी नहीं छूटा था कि उन्होंने अपनी नई नवेली दुल्हनियां को अकेला छोड़कर बेंगलुरु की फ्लाइट पकड़ ली थी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी टी–20 मैच जो खेलना था। अब मुकेश साउथ अफ्रीका भी पहुंच चुके हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि इस बार अकेले नहीं बल्कि बीवी दिव्या भी साथ हैं। शादी के बाद अमूमन कपल्स हनीमून मनाने जाते हैं। भीड़भाड़ से दूर किसी नई जगह पर क्वालिटी टाइम बीताते हैं, लेकिन अपने देसी बॉय मुकेश तो मेहरारू को लेकर टीम इंडिया के साउथ अफ्रीका दौरे का ही हिस्सा बन गए। अब फ्लाइट से बाहर निकलने के बाद एयरपोर्ट पर

### शादी के बाद मुकेश कुमार का पहला विदेशी दौरा

इस न्यूली मैरिड कपल की कई तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रहीं हैं। यूजर टीम इंडिया के इस उभरते सुपरस्टार की फोटोज पर कमेंट कर रहे हैं। कोई शादी के बाद पहले विदेशी दौरे की शुभकामनाएं दे रहा है तो कोई इसे ही हनीमून बता रहा।

क्रिकेटर मुकेश के करीबी दोस्तों की माने तो करीब साढ़े चार साल पहले मुकेश कुमार अपने चचेरे भाई के ससुराल छपरा में किसी पारिवारिक कार्यक्रम में शरीक होने गए थे, वहीं उन्हें चचेरे भाई की साली दिव्या को पहली बार देखा। बताते हैं कि पहली नजर में ही दोनों एक–दूसरे को पसंद करने लगे थे। पहले दोस्ती हुई और फिर धीरे–धीरे ये दोस्ती कब प्यार में बदल गई पता ही नहीं चला। चार साल की डेटिंग के बाद 28 नवंबर को गोरखपुर में एक निजी समारोह में दोनों लव बर्ड्स ने शादी कर ली।

बिहार के छोटे से शहर गोपालगंज के एक गांव से निकलकर टीम इंडिया तक पहुंचना मुकेश कुमार के लिए कभी आसान नहीं रहा। उन्होंने लंबा संघर्ष किया। पैतृक काकड़ कुंड गांव की गलियों में क्रिकेट खेला फिर पश्चिम बंगाल के साथ जुड़े। घरेलू क्रिकेट में जमकर पसीना बहाया। रणजी ट्रॉफी, दलीप ट्रॉफी में सफलता के झंडे गाड़े। दमदार रिकॉर्ड्स के बूते पहले आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए चुने गए। किस्मत चमकी और फिर टीम इंडिया में बुला लिए गए। वह भारत के बेहतरीन तेज गेंदबाजों में से एक हैं।

## जो कोई नहीं कर सका, वह करेंगे हिटमैन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने कहा है कि अगर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा दक्षिण अफ्रीका पर जीत हासिल करने में सफल रहे तो उनका नाम भारतीय क्रिकेट इतिहास में दर्ज हो जाएगा। रोहित शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सफेद गेंद की सीरीज से आराम लिया है। 26 दिसंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम के कप्तान होंगे। भारत ने कभी भी प्रोटियाज के खिलाफ कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है और इरफान का मानना है कि रोहित टेस्ट क्रिकेट में नया इतिहास लिख सकते हैं। इरफान पठान ने कहा, अगर रोहित शर्मा दक्षिण अफ्रीका में जीत दिलाने में सफल रहे तो उनका नाम भारत के क्रिकेट इतिहास में कप्तान और खिलाड़ी के तौर पर सबसे ऊपर रखा जाएगा, क्योंकि इन दोनों मैचों में जीत की चाबी उन्हीं के पास है। वह सलामी बल्लेबाज और कप्तान दोनों हैं। यदि आप नई गेंद के खिलाफ चुनौती पार कर लेंगे तो आपके अन्य बल्लेबाजों को चमकने का मौका मिलेगा। इसलिए आपको नई गेंद के खिलाफ जिम्मेदारी उठानी होगी।

## न्यूज डायरी




### हॉकी में फिर लौट रहा भारत का राज!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कुआलालंपुर। दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए भारतीय टीम ने जूनियर हॉकी विश्व कप में नीदरलैंड जैसी मजबूत टीम को 4–3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय टीम बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल में जर्मनी से खेलेगी। विश्व रैंकिंग में तीसरे और चौथे स्थान पर काबिज भारत और नीदरलैंड के बीच क्वॉर्टर फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक रहा। हाफटाइम तक डच टीम 2–0 से आगे थी लेकिन उसके बाद भारत ने वापसी की और दूसरे हाफ में चार गोल दागे। नीदरलैंड के लिये टिमो बोएर्स (पांचवां मिनट), पेपिन वान डेर हेडेन (16वां मिनट) और ओलिवियर होर्टेनसियस ने गोल किए जबकि भारत के लिये आदित्य लालागे (34वां मिनट) , अराइजीत सिंह हुंडल (36वां मिनट) ,आनंद कुशवाह (52वां मिनट) और कप्तान उत्तम सिंह (57वां मिनट) ने गोल दागे। नीदरलैंड टीम ने पहले ही क्वॉर्टर से आक्रामक शुरूआत करते हुए पेनल्टी कॉर्नर बनाया जिसे बोएर्स ने गोल में बदला। दूसरे क्वॉर्टर के पहले ही मिनट में वान डेर हेडेन ने दूसरे पेनल्टी कॉर्नर को तब्दील करके टीम को 2–0 की बढ़त दिला दी जो हाफटाइम तक बनी रही। तीसरे क्वॉर्टर में भारत ने शानदार वापसी की जिसके सूत्रधार रहे अराइजीत सिंह। उन्होंने 34वें मिनट में लालागे के गोल में सहायक की भूमिका निभाई और तीसरे क्वॉर्टर में ही डच टीम ने फिर बढ़त बनाई जब ओलिवियर ने पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किया।

### 17 साल के क्वेना मफाका जिस पर टीमें खोल सकती हैं खजाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल 2024 ऑक्शन में साउथ अफ्रीका के सिर्फ 17 साल के पेसर क्वेना मफाका पर टीमें बड़ा दांव लगा सकती हैं। इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को अंडर–19 और डोमेस्टिक लेवल पर बल्लेबाजों की हवा खराब करते हुए देखा गया है। माना जा रहा है कि आईपीएल मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स जैसी बड़ी फ्रेंचाइजियां इस खिलाड़ी के लिए खजाना खोल सकती हैं। साउथ अफ्रीका की अंडर–19 टीम का हिस्सा यह खिलाड़ी सिर्फ उम्र में ही छोटा है। 17 वर्ष की उम्र में भी उनके पास काफ पेस है और स्विंग से भी खतरनाक हैं। लंबे कद के मफाका अगर आईपीएल में कोहराम मचाते नजर आएं तो हैरानी नहीं होनी चाहिए। मफाका के बारे में हर कोई जानना चाहता है। उनका नाम ऑक्शन की लिस्ट में आते ही सोशल मीडिया पर छा गया। वह आईपीएल 2024 ऑक्शन में शामिल होने वाले सबसे युवा क्रिकेटर हैं। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली 5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस युवाओं पर दांव लगाने के लिए मशहूर है। उसने डेवाल्ड ब्रेविस, जिसे जूनियर एबी नाम से भी जाना जाता है, को टीम में शामिल किया है। अगर वह इस खिलाड़ी पर दांव लगाती है तो हैरानी नहीं होनी चाहिए। मफाका सिर्फ 17 साल के हैं।

### द्रविड़ का बेटा 0 पर आउट तो सहवाग के बेटे की फिफ्टी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** विजयवाड़ा। लगभग एक दशक बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के स्कोर कार्ड में भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गजों (वीरेंद्र) सहवाग और (राहुल) द्रविड़ के नाम दिखाई दिए। कर्नाटक और दिल्ली के बीच सोमवार से शुरू हुए विजय मर्चेंट ट्रॉफी राष्ट्रीय अंडर–16 प्रतियोगिता में द्रविड़ और सहवाग आमने–सामने हैं। कर्नाटक की अंडर–16 टीम के कप्तान अन्वय द्रविड़ और दिल्ली के सलामी बल्लेबाज आर्यवीर सहवाग इस मैच में अपनी राज्य टीमों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। पहले दिन के खेल में हालांकि जूनियर द्रविड़ का बल्ला नहीं चला और वह खाता भी नहीं खोल पाए जबकि जूनियर सहवाग 50 रन बनाकर खेल रहे हैं। उनकी इस पारी के दम पर दिल्ली की टीम कर्नाटक पर मजबूत बढ़त लेती दिख रही है। अन्वय पूर्व भारतीय कप्तान और वर्तमान में मुख्य कोच द्रविड़ के छोटे बेटे हैं। वह टीम के विकेटकीपर भी हैं। सहवाग के बड़े बेटे आर्यवीर अपने पिता की तरह ही आक्रामक सलामी बल्लेबाज हैं। भारतीय क्रिकेटरों की अगली पीढ़ी के लिए यह साल अच्छा रहा है। अर्जुन तेंदुलकर ने इस वर्ष आईपीएल में पदार्पण किया और अब वह गोवा से खेल रहे हैं। दूसरी तरफ द्रविड़ के बड़े बेटे समित ने कूच बेहार ट्रॉफी राष्ट्रीय अंडर–19 प्रतियोगिता में कर्नाटक का प्रतिनिधित्व किया। दिल्ली और कर्नाटक के बीच मंगलागिरी के आंध्र क्रिकेट संघ स्टेडियम में चल रहे अंडर–16 मैच में कर्नाटक की टीम 56.3 ओवर में 144 रन पर आउट हो गई। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे अन्वय अपना खाता भी नहीं खोल पाए।





## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षण संस्थानों में पर्यावरण का ज्ञान जरूरी होः रावत

**संवाददाता** देहरादून। यूसर्क एवं दून पीजी कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंस एंड टेक्नोलॉजी सेलाकुई की ओर से मृदा परीक्षण विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने कॉलेज की प्रयोगशालाओं में भ्रमण के साथ साथ संस्थान में चल रहे मशरूम कल्टीवेशन, पोल्ट्री फॉर्म, मौन पालन, मत्स्य पालन, जैवउर्वरक उत्पादन, बायो गैस प्लांट, संरक्षित औद्यानिकी के बारे में भी जाना। यूसर्क की निदेशक प्रोफेसर (डॉ) अनीता रावत ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण बहुत जरूरी हो गया है। संस्थान के निदेशक डॉ संजय चौधरी ने कहा कि संस्थान की ओर से कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उत्तराखंड राज्य में एक अग्रणी संस्थान के रूप में कार्य किया जा रहा है।

### प्रशिक्षण में मौन पालन के बारे में बताया

**संवाददाता** देहरादून। यूसर्क की ओर से उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत मौन पालन पर साप्ताहिक प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान एवं खादी ग्रामोद्योग विभाग के सहयोग से आयोजित प्रशिक्षण में मौन पालन की जानकारी दी गई। इस मौके पर यूसर्क की निदेशक प्रो. (डा.) अनीता रावत और खादी ग्रामोद्योग विभाग के निदेशक डॉ. संजीव रॉय ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर डॉ. गौरव शर्मा, दीपक घिल्डियाल, डॉ. मंजू सुन्दरियाल, डॉ. ओम प्रकाश नौटियाल आदि मौजूद रहे।

### धर्मा क्रियेशन 17 दिसम्बर को कर रहा म्यूजिक कन्सर्ट का आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। मंगलवार को धर्मा क्रियेशन द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया है जिसमें धर्मा क्रियेशन के निदेशक आकाश गुप्ता ने बताया कि 17 दिसम्बर 2023 को धर्मा क्रियेशन द्वारा देहरादून में म्यूजिक नाईट का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्य रूप से पैराडॉक्स का म्यूजिक कन्सर्ट होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य प्रस्तुति पैराडॉक्स की होगी।

### इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड को 180 मिलियन रुपये का नया ऑर्डर मिला

**संवाददाता** देहरादून। लाइफ एसेंशियल्स के बिजनेस में लगी एक प्रमुख कंपनी, इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड को प्रीमियम चावल की आपूर्ति के लिए 180 मिलियन का एक और नया ऑर्डर मिला है, इस प्रकार कंसोलिडेटेड ऑर्डर बुक 300 मिलियन हो गई है, जो चालू वर्ष के अंदर पूरी हो जाएगी। मौजूदा ऑर्डर बुक, सोर्सिंग और सप्लाईज प्लान के क्रियान्वयन के साथ कंपनी चालू वित्त वर्ष के दौरान सालाना आधार पर लगभग 25 प्रतिशत की ओवरऑल ग्रोथ हासिल कर रही है।

# लोगों को पर्यावरण के प्रति जीवन शैली में बदलाव लाने की मिलेगी प्रेरणा

**शुभारंभ**

- मुख्यमंत्री ने किया स्वर्णिम अमृत संदेश यात्रा का शुभारम्भ
- पूरे विश्व की जीवन शैली में परिवर्तन लाने का आह्वान

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित कैम्प कार्यालय में हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल तथा कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के स्थापना के स्वर्ण जयंती वर्ष पर आयोजित 'स्वर्णिम अमृत संदेश रथ यात्रा' का शुभारम्भ स्मृति पौध भेंट कर किया।

इस अवसर पर यूकॉस्ट द्वारा आयोजित 'अभिनन्दन एवं पौध भेट समारोह' में विश्वविद्यालयों को शुभकामना देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी आयोजन को यादगार बनाने में पेड़ों की बडी भूमिका होती है। पेड़ जहां जीवन के आधार है वहीं हमारी संस्कृति और स्मृति के भी प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि दोनों विश्वविद्यालय अपने स्वर्ण जयंती वर्ष को इको फ्रेंडली रुप से मना रहे हैं तथा दूसरे को पचास–पचास पेड़ भेंट कर एक विश्वविधालय के सदस्य दूसरे विश्व विद्यालय में पहुंचकर पचास पौधों का रोपण करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत हमारे युवा बौद्धिक रूप से जागृत और समझदार होते हैं। जन–जन तक संदेश पहुंचाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जलवायु परिवर्तन से उपजी समस्याओं के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे विश्व की जीवन शैली में परिवर्तन लाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इस संदेश यात्रा से लोगों में पर्यावरण के प्रति जीवन शैली में बदलाव लाने की प्रेरणा भी मिलेगी। यह यात्रा लोगों में अपनी संस्कृति, स्वच्छ परम्परा, खान पान, बोली–भाषा के प्रति भी जागरुकता पैदा करेगी।

'स्वर्णिम अमृत संदेश रथ यात्रा' को आकार देने वाले मैती संस्था के संस्थापक पद्म श्री डॉ. कल्याण सिंह रावत ने कहा कि बदलते जलवायु के संकेतों से अब हमें, जागरूक होने की जरुरत है। यदि अभी भी हम नहीं जागे तो बहुत देर हो जायेगी। हमें अपने आवश्यकताओं को न्यून करके जीवन शैली में बदलाव लाना होगा। उन्होंने कहा कि 1998 में दोनों विश्वविद्यालयों के बीच में 25–25 पेड़ सिल्वर जुबली पर मैती संस्था ने ऐसी ही रथ यात्राएं आयोजित की थी। प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत 18 दिसम्बर को हे.न.ग. विश्वविधालय से 50 पेड़ लेकर संदेश यात्रा दल नैनीताल प्रस्थान करेगा। 19 दिसम्बर को नैनीताल में वृक्षारोपण व विचार गोष्ठी आयोजित होगी। 20 दिसम्बर को नैनीताल से 50 पेड़ श्रीनगर गढ़वाल पहुंचेंगे।

कार्यक्रम में गढ़वाल एवं कुमाऊं विश्वविद्यालय तथा सहयोगी संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



### विश्वविद्यालयों में विचार गोष्ठी का भी आयोजनः पंत

यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पन्त ने कहा कि इस आयोजन के तहत मुख्यमंत्री का संदेश दोनों विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं तक पहुंचेगा। इस यात्रा को बहुआयामी तथा उद्देश्यपरक बनाने हेतु यूकॉस्ट द्वारा दोनों विश्वविद्यालयों में विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया जा रहा है। लाइफ स्टाइल फॉर इन्वायरमेंट तथा जलवायु परिवर्तन पर विशेषज्ञों के व्याख्यान भी कराये जायेंगे। उन्होंने कहा कि श्रीनगर गढ़वाल से जो दल नैनीताल रवाना होगा वह अपने साथ गंगा जल भी ले जायेगा जिसे नैनीताल में मां नैना देवी के दर्शन के बाद नैनीझील में प्रवाहित किया जायेगा। दोनों विश्वविद्यालय अपने कुछ महत्वपूर्ण प्रकाशन की पुस्तकें भी एक दूसरे को भेंट करेंगें।

# चार जिलों में जल्द बनेंगे एटीएफ सेंटरः सीएम

**शपथ**

- सीएम ने ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड की भी दिलाई शपथ

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को गांधी पार्क, देहरादून में ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन–2025 कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड को 2025 ड्रग्स फ्री बनाने का लक्ष्य रखा गया है, इस अभियान को सबको मिलकर सफल बनाना है। राज्य में ड्रग ट्रैफिकिंग को रोकने और इसके तंत्र को ध्वस्त करने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं बल्कि उसके सारे परिवार और समूचे सामाजिक परिवेश को हानि पहुंचाता है।

राज्य में जहां एक ओर लोगों और विशेषकर युवाओं में नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाई जा रही है, वहीं दूसरी ओर नशा तस्करी से जुड़े अपराधियों के खिलाफ कड़ी करवाई भी की जा रही है। इस वर्ष अभी तक एनडीपीएस एक्ट के तहत लगभग 600 मामले पंजीकृत हो चुके हैं, जिनमें करीब साढ़े सात सौ आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे की प्रवृति को रोकने एवं नशाग्रस्त व्यक्तियों को मुख्यधारा से जोड़ने तथा पुनर्वास हेतु प्रदेश के समस्त जनपदों में नशा मुक्ति केंद्रों को प्रभावी बनाया जा रहा है। वर्तमान में राज्य में चार इंटीग्रेटेड रिहैबिलिटेशन सेंटर फॉर एडिक्ट्स संचालित हैं। राज्य सरकार द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों और विशेषकर युवाओं में नशे के दुष्परिणामों को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि सभी के सहयोग और संस्थाओं द्वारा किये जा रहे अथक प्रयासों से, हम समय से पहले ही ड्रग्स फ्री देवभूमि का विकल्प रहित संकल्प अवश्य प्राप्त कर लेंगे।

सीएम ने नशे के खिलाफ अभियान चलाने की दिशा में लोगों को जागरूक करने के लिए तीलू रौतेली पुरुस्कार प्राप्त संस्था 'आदर्श औद्योगिक स्वायत्तता सहकारिता' के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड की शपथ भी दिलाई।



### धार्मिक स्थल पर सिरफिरे की हरकत से आक्रोश

**संवाददाता** देहरादून। धार्मिक स्थल पर सोमवार रात सिरफिरे की हरकत से मंगलवार सुबह हर्रावाला क्षेत्र के लोगों में आक्रोश बढ़ गया। आरोपी की हरकत सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। मौके पर जमा हुई भीड़ ने आक्रोश जताया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि हर्रावाला में रेलवे तिराहे के पास काली मंदिर है। यहां मंगलवार सुबह लोग पहुंचे तो उन्होंने मंदिर परिसर का एक शीशा टूटा देखा। सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए तो पाया कि सोमवार रात करीब सवा बजे एक युवक वहां आया। उसने मंदिर परिसर में गलत हरकत की। इसके बाद शीशे पर पत्थर फेंका। इसे बाद वहां से भाग निकला। इसकी जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ वहां पहुंच गई। लोगों ने आक्रोश जताया तो पुलिस ने स्थिति संभाली।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।